724. शंकर राव देव समिति का गठन धौलपुर एवं भरतपुर राज्यों की जनता की इस बात के लिए राय जानने के लिये किया गया था कि-वे राजस्थान अथवा उत्तर प्रदेश किसमें मिलना चाहते हैं?
इस समिति में अध्यक्ष सहित कितने सदस्य थे?

(a) चार (b) तीन
(c) दो (d) पाँच

RPSC-2017

Ans. (b) : राजस्थान के एकीकरण के समय भरतपुर और धौलपुर रियासत भाषाई आधार पर उत्तर प्रदेश में सम्मिलित होना चाहती थी। धौलपुर एवं भरतपुर राज्यों की जनता की राय जानने के लिए शंकर राव देव समिति का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष शंकर राव देव एवं दो अन्य सदस्य प्रभुदयाल व आर.के. सिंधावा थे।

725. 25 मार्च, 1948 को गठित राजस्थान संघ में निम्नलिखित देशी रियासतों का कौन सा समूह सम्मिलित नहीं था?

(a) कोटा, बून्दी, झालावाड़, शाहपुरा
(b) डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, टोंक
(c) उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़
(d) कोटा, बून्दी, किशनगढ़, शाहपुरा

RPSC ST-81 G.K. & Horticulture 28-10-2018

Ans. (c) : राजस्थान के एकीकरण की प्रक्रिया 18 मार्च-1948 से आरम्भ होकर 1 नवम्बर-1956 तक विभिन्न 7-चरणों में पूर्ण होती हैं। प्रथम चरण 18 मार्च-1948 को एकीकरण में सम्मिलित रियासतें- अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली व नीमराना थी, जबकि द्वितीय चरण 25 मार्च- 1948 को सम्मिलित रियासतें- कोटा, बूंदी झालवाड़ा, टोंक, किशनगढ़, शाहपुरा, प्रतापगढ़, बाँसवाड़ा, डूँगरपुर और कुशलगढ़ थीं। अतः विकल्प (c) सत्य हैं, क्योंकि उदयपुर रियासत इस एकीकरण में शामिल नही थी।

726. देशी रियासत, जो 25 मार्च, 1948 को गठित संयुक्त राजस्थान का हिस्सा नहीं थी

(a) बूँदी (b) प्रतापगढ़ (c) उदयपुर (d) शाहपुरा

उत्तर (c)

RPSC RAS/RTS 2018

व्याख्या- उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या

727. राजस्थान के राजनैतिक एकीकरण की प्रक्रिया में कुल कितना समय लगा?

(a) 7 वर्ष 8 माह 15 दिन
(b) 8 वर्ष 7 माह 15 दिन
(c) 5 वर्ष 8 माह 12 दिन
(d) 8 वर्ष 5 माह 12 दिन

RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022

Ans. (b) : राजस्थान का एकीकरण 18 मार्च, 1948 से प्रारंभ होकर 1 नवम्बर, 1956 को सात चरणों में सम्पन्न हुआ। इस एकीकरण में 8 वर्ष, 7 माह, 15 दिन का समय लगा।

728. राजस्थान का क्रांतिकारी जो 22 वर्ष की उम्र में जेल रहते हुए शहीद हुआ–

(a) विजय सिंह (b) गोपाल सिंह
(c) प्रताप सिंह (d) कृष्ण सिंह

RPSC, Ajmer Exam Date-11-04-2015

Ans. (c) : प्रसिद्ध क्रांतिकारी प्रताप सिंह बारहठ का जन्म 24 मई 1893 को भीलवाड़ा में जुआ था। जिनके पिता केसरी सिंह तथा चाचा जोरावर सिंह भी क्रांतिकारी थे। वर्ष 1916 में प्रताप सिंह को बरेली जेल में कैद करके घोर यातनाएं दी गयी, जिसके फलस्वरूप मात्र 25 वर्ष की अल्पआयु में 7 मई 1918 को जेल में ही उनकी मृत्यु हो गयी। जबकि आयोग ने 22 वर्ष की उम्र में शहीद बताया है, जो गलत है।

729. अलवर क्षेत्र की लोक देवी के रूप में किसे मान्यता प्राप्त है?

(a) जिलाणी माता (b) सुगाली माता
(c) लटियाल माता (d) सच्चिया माता

RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II

Ans. (a) : अलवर क्षेत्र की लोकदेवी के रूप में जिलाणी माता को मान्यता प्राप्त है। इन्होंने मुस्लिम शासकों द्वारा जबरन पकड़े गए हिन्दुओं को बलपूर्वक मुस्लिम बनाने के प्रयत्नों का विरोध किया व अपनी बहादुरी व पराक्रम से इन्हें विफल किया। इसके बाद से इन्हें लोकदेवी मान कर पूजा जाता है। इनके मंदिर में प्रतिवर्ष 2 बार मेला लगता है। धर्मांतरण को रोकने के लिए प्रसिद्ध जिलाणी माता का मन्दिर बहरोड़ कस्बे (अलवर) की प्राचीन बाबड़ी के पास स्थित है।

730. 'कामड़िया पंथ' की स्थापना किसने की थी?

(a) गोगाजी (b) मल्लीनाथजी
(c) रामदेवजी (d) पाबूजी

RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II

Ans. (c) : कामड़िया पंथ की स्थापना राजस्थान के लोक देवता रामदेवजी ने की थी। इस पंथ के लोग अपने सिर पर भगवा रंग की पगड़ी धारण करते हैं और रामदेवजी का जागरण करते हैं। इस पंथ के अनुयायियों द्वारा रामदेवजी के मेले में 'तेरहताली नृत्य' प्रस्तुत किया जाता है रामदेव जी कृष्ण के अवतार माने जाते हैं।

731. उदयपुर राज्य का राजस्थान में विलय हुआ था–

(a) 18 मार्च, 1948 को (b) 18 अप्रैल, 1948 को
(c) 30 मार्च, 1949 को (d) 30 अप्रैल, 1949 को

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I

Ans. (b) : राजस्थान के एकीकरण के समय कुल 19 रियासतें थी जिन्हें लगभग 9 वर्षों में कुल 7 चरणों में विलय किया गया। उदयपुर मेवाड़ सबसे प्राचीन रियासतों में से है जिसका विलय तीसरे चरण के दौरान 18 अप्रैल 1948 को किया गया था। विलय के समय उदयपुर का राज प्रमुख भूपाल सिंह थें। इसके विलय में पं. जवाहर लाल नेहरू व माणिक्य लाल वर्मा ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस अवसर पर इस तीसरे चरण में गठित संयुक्त राजस्थान का उद्घाटन जं. जवाहर लाल नेहरू ने किया था।

732. संयुक्त राजस्थान जो राजस्थान संघ में मेवाड़ के विलय से अस्तित्व में आया उसका उद्घाटन किसने किया?

(a) पी.वी. मेनन
(b) जवाहरलाल नेहरू
(c) एन.वी. गाडगिल
(d) सरदार वल्लभभाई पटेल

कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिक) (डिप्लोमाधारक)-2020
कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-2019

Ans. (b) – उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या